केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

प्रेस नोट

31.01.2021

सीबीएसई द्वारा सीटीईटी के 14वें संस्करण का सफल आयोजन

आज पूरे भारत में 135 शहरों के 3938 परीक्षा केंद्रों में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के 14वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए कुल 146 शहर समन्वयकों, 3938 केंद्र अधीक्षकों, 5900 प्रेक्षकों और 789 सीबीएसई अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती की गई थी।

सीटीईटी परीक्षा के आंकड़े	कुल पंजीकृत अभ्यर्थी	प्रश्नपत्र-1 के लिए अभ्यर्थी (कक्षा 1 से 5 तक)	प्रश्नपत्र-2 के लिए अभ्यर्थी (कक्षा 6 से 8 तक)	दोनों प्रश्नपत्रों के लिए अभ्यर्थी (प्रश्नपत्र- 1 और प्रश्नपत्र -2)
पंजीकृत	1844170	1611423	1447551	3058974
उपस्थित		1219220	1077842	2297062

सीटीईटी के 14वें संस्करण का आयोजन कोविड महामारी के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए किया गया। भारत सरकार द्वारा जारी किये गए निर्देशों का अनुपालन देशभर के परीक्षा केन्द्रों पर सुनिश्चित किया गया। कोविड-19 की गाईडलाईनस को सभी अभ्यर्थियों को पहले ही सूचित कर दिया गया था।

सामाजिक दूरी और अन्य कोविड-19 सुरक्षा उपायों को बनाए रखने के लिए 23 अतिरिक्त शहरों में परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था की गई और शहरों की संख्या 112 से बढ़ाकर 135 की गई। अभ्यर्थियों को असुविधा से बचाने के लिए बोर्ड द्वारा शहर में परिवर्तन की सुविधा दी गई तथा उनके चुने हुए शहरों में ही उन्हें परीक्षा केन्द्र आवंटित करने का हर संभव प्रयास किया गया।

सीटीईटी के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने डिजिटल अंक पत्र और पात्रता प्रमाण पत्र डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है जो **'हरित पहल'** की तरफ बोर्ड का एक संकल्प भी है।

सीटीईटी परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होते हैं। प्रश्नपत्र – 1, कक्षा 1 से 5 के लिए शिक्षकों की पात्रता के लिए, जबकि प्रश्नपत्र – 2, कक्षा 6 से 8 के लिए शिक्षकों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए है। निर्धारित योग्यता को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी एक या दोनों प्रश्नपत्र में परीक्षा दे सकते हैं और 20 निर्धारित भाषाओं में से किन्हीं दो भाषाओं को चुन सकते हैं।

इस वर्ष भी सभी उपस्थित अभ्यर्थियों के डिजिलॉकर खाते बनाए जाएंगे और अभ्यर्थियों को खाता क्रेडेंशियल्स के बारे में उनके सीबीएसई के साथ पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर सूचित किया जाएगा। संप्रेषित क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके अभ्यर्थी अपने डिजिटल अंक-पत्र और पात्रता प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

इस प्रकार के डिजिटल प्रारूप में अंक पत्र और पात्रता प्रमाण पत्र सभी के लिए सुविधाजनक है क्योंकि वह कभी भी कहीं भी ईलेक्ट्रनिक रूप से साझा किये जा सकते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से अंक पत्र और प्रमाण पत्र में एक एन्क्रिप्टेड क्यूआर कोड होता है जिसे डिजिलॉकर मोबाइल ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन और सत्यापित किया जा सकता है।

आईटी अधिनियम के अनुसार डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित अंकपत्र और पात्रता प्रमाणपत्र कानूनी रूप से मान्य है। परीक्षा संबंधी गतिविधियों में प्रौद्योगिकी का समावेश, पर्यावरण संरक्षण बोर्ड का एक सशक्त कदम है। साथ ही इस प्रयास द्वारा बड़ी धनराशि और कागज, पेड़, जल जैसे मूल्यवान संसाधनों की बचत और कार्बन उतसर्जन को घटाने की बोर्ड की प्रतिबद्धता है।

अनुराग त्रिपाठी

(अनुराग त्रिपाठी)
सचिव, सीबीएसई और निदेशक (सीटीईटी)